# प्रेस नोट

## दिनांक 28.09.2025

## मिशन शक्ति केन्द्र जलालपुर द्वारा पारिवारिक विवाद का कराया गया समाधान।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद हमीरपुर में महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संचालित मिशन शक्ति केन्द्र, थाना जलालपुर पर दिनांक 28.09.2025 को आवेदिका काजल पत्नी धर्मेन्द्र निवासी ग्राम जलालपुर थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर (ससुराल–मलाईटोला थाना एरच, तहसील गरौठा, जिला झांसी) द्वारा हेल्प डेस्क पर प्रार्थना पत्र दिया गया। आवेदिका ने अपने पति धर्मेन्द्र के विरुद्ध आये दिन शराब पीकर मारपीट करने, झगड़ा करने एवं मजदूरी से कमाए पैसों को छीन लेने की शिकायत दर्ज करायी थी। आवेदिका वर्तमान में अपने माता–पिता के यहाँ ग्राम जलालपुर थाना जलालपुर में 05 वर्षीय पुत्री के साथ रह रही थी। मिशन शक्ति केन्द्र जलालपुर द्वारा दोनों पक्षों को परामर्श (काउंसलिंग) हेतु बुलाया गया। दोनो पक्षो की बात ध्यानपूर्वक सुनकर पति–पत्नी को आपसी मतभेद दूर कर परिवारिक विवाद समाप्त करने एवं नये सिरे से जीवन यापन करने हेतु समझाया गया। पति धर्मेन्द्र को शराब पीकर झगड़ा–मारपीट न करने तथा पत्नी के मेहनत की कमाई को जबरन न छीनने की कड़ी हिदायत दी गयी। काउंसलिंग के उपरान्त दोनों पक्षों ने आपसी सहमति जताई तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने की बात कही। मिशन शक्ति टीम द्वारा आवेदिका काजल की समस्या का समाधान कर आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।